आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in




● वर्ष-8 अंक-292 ● कटनी ● रविवार, 28 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कृष्ण पक्ष-9 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## सत्ता में नहीं, सेवा में रहना चाहता हूं जनता का सेवक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'मन की बात' कार्यक्रम को संबोधित किया। यह मन की बात कार्यक्रम का 83वां एपिसोड था। प्रधानमंत्री हर माह के अंतिम रविवार को इस कार्यक्रम में संबोधित करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्माण भारत योजना के लाभार्थी राजेश कुमार प्रजापति से बात करते हुए इसके फायदे पूछे तो प्रजापति ने कहा कि मुझे बहुत फायदा हुआ सर मैं आपको हमेशा सत्ता में देखना चाहता हूं। इसपर पीएम मोदी ने कहा कि मुझे सत्ता में जाने का शीर्वाद मत दीजिए, मैं गरीबों की सेवा के लिए हूं। पीएम मोदी ने कहा कि मैं आज भी सत्ता में नहीं हूं और भविष्य में भी सत्ता में जाना नहीं चाहता हूं। मैं सिर्फ सेवा में रहना चाहता हूं। मेरे लिए ये पद, सत्ता के लिए है ही नहीं, सेवा के लिए है। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार के प्रयासों से, सरकार की योजनाओं से कैसे कोई जीवन बदला उस बदले हुए जीवन का अनुभव क्या है? जब ये सुनते हैं तो हम भी संवेदनाओं से भर जाते हैं। यह मन को संतोष भी देता है और उस योजना को लोगों तक पहुंचाने की प्रेरणा भी देता है।प्रकृति से हमारे लिए खतरा तभी पैदा होता है जब हम उसके संतुलन को बिगाड़ते हैं या उसकी पवित्रता को नष्ट करते हैं। प्रकृति मां की तरह हमारा पालन भी करती है और हमारी दुनिया में नए-नए रंग भी भरती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि वीरता केवल युद्ध के मैदान में ही दिखाई जाए ऐसा जरूरी नहीं होता। जब वीरता का विस्तार होता है तो हर क्षेत्र में अनेकों कार्य सिद्ध होने लगते हैं।

# 24 घंटे में कोरोना के 23 मरीज मिले

## नए वेरियंट के बाद मध्यप्रदेश के लिए खतरे की घंटी

**भोपाल।** पूरे प्रदेश के लिए खतरे की घंटी है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में कोरोना के 23 मरीज मिले हैं। उधर, पिछले चार दिन में दो लोगों की मौत भी कोरोना से हो गई है। इसके बाद भी लोग नहीं चेत रहे हैं। भीड़ में भी न मास्क, न ही शारीरिक दूरी रखी जा रही है। यह हाल तब है जब दक्षिण अफ्रीका में कोरोना के नए वैरिएंट ने दस्तक दे दी है। इसकी बहुत ज्यादा संक्रामकता की वजह से पूरी दुनिया चिंतित है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश में कोरोना के 23 मामले सामने आए हैं। इनमें 12 मरीज इंदौर, सात भोपाल, तीन रायसेन और एक मरीज जबलपुर का है। करीब महीने भर बाद इतने मरीज मिले हैं। प्रदेश



में फिलहाल कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 112 है। इनमें सबसे अधिक 39 मरीज इंदौर में और 32 मरीज भोपाल में हैं। पिछले एक हफ्ते में सबसे ज्यादा मरीज भोपाल में ही मिले हैं। इंदौर में 38 सक्रिय मरीज हैं। हालांकि, यह अच्छी बात है कि प्रदेश में कुल सक्रिय मरीजों में 90 फीसद होम आइसोलेशन में हैं।

### मंडरा रहा प्रतिबंधों का खतरा

ओमिक्रॉन वैरिएंट मिलने के बाद दुनिया के तमाम देशों ने दक्षिण अफ्रीका पर कई तरह के प्रतिबंध लगाने शुरू कर दिए हैं। पहले चरण में कई यूरोपियन देशों ने दक्षिणी अफ्रीकी देशों की हवाई उड़ानों को निलंबित कर दिया है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका का बयान सामने आया है। देश के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के साथ जिस तरह का व्यवहार किया जा रहा है, वह गलत है। हमें एडवांस जीनोम सीक्रेंसिंग के जरिए नए वैरिएंट को खोजने की सजा दी जा रही है।

### शी जिनपिंग नाराज न हों, इसलिए नए स्वरूप को डब्ल्यूएचओ ने कहा- 'ओमिक्रॉन'

कोरोना की शुरुआत से ही डब्ल्यूएचओ पर चीन के दबाव में काम करने के आरोप लगे। अब दक्षिण अफ्रीका में मिले कोरोना के नए स्वरूप के नामकरण को लेकर भी संगठन पर चीनी डर दिखा। ताजा स्वरूप को ओमिक्रॉन कहा है और इसके लिए उसने जानबूझकर ग्रीक वर्णमाला के 13 और 14वें अक्षर न्यू व जाइ (एक्सआई) को छोड़ दिया है। जबकि इससे पहले, वह वायरस स्वरूपों को सरल भाषा में बताने के लिए वर्णमाला के क्रम (अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा आदि) का पालन कर रहा था। विश्लेषकों ने कहा, ऐसा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को बदनाम होने से बचाने के लिए? किया गया। ग्रीक वर्णमाला के क्रमानुसार जाई (एक्सआई) नाम रखा जाना था, शी के नाम में भी एक्सआई होने से इसे छोड़ा गया। आलोचना देख डब्ल्यूएचओ प्रवक्ता ने सफाई दी, हमने %न्यू% के बजाय ओमिक्रॉन चुना वरना लोग इसे नया वायरस समझते। वहीं, एक्सआई को इसलिए छोड़ा क्योंकि ये आम उपनाम है।

नादिया जिले में सड़क हादसा



## श्मशान घाट जा रहे 18 लोगों की दर्दनाक मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में शनिवार रात हुई भीषण सड़क दुर्घटना में 18 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब उत्तर 24 परगना के बगदा से शवों को लेकर 20 से अधिक लोग नवद्वीप श्मशान घाट की ओर जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि हंसखली थाना क्षेत्र के फूलबाड़ी में शव वाहन सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक हादसा घने कोहरे और वाहन की तेज रफ्तार के कारण हुआ। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की जांच चल रही है।

### राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने जताया दुख

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि नदिया जिले में सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक से टकराने के बाद नदिया जिले में 18 लोगों की मौत और 5 अन्य लोगों के घायल होने की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ। मृतकों के परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।

## फटाफट खबरें



### भारत के पास 130 रन से अधिक की बढ़त

**कानपुर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट का आज चौथा दिन है। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में चल रहे मुकाबले में लंच ब्रेक हो गया है। पहला सत्र पूरी तरह से न्यूजीलैंड के नाम रहा। मेहमान टीम ने इस दौरान चार विकेट चटकाए वहीं भारत ने 70 रन बनाए। भारत के पास 133 रनों की बढ़त हो गई है।

### अगरतला नगर निगम की वोटों की गिनती जारी, भाजपा 13 सीटों पर आगे

**अगरतला।** त्रिपुरा में अगरतला नगर निगम और अन्य नगर निकायों की 222 से अधिक सीटों के लिए आज वोटों की गिनती जारी है। मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू हो गई है। अगरतला नगर निगम और 19 अन्य नगर निकायों के नगर परिषदों और नगर पंचायतों के लिए भी वोटों की गिनती शुरू हो गई है। त्रिपुरा नगर निगम चुनाव में कुल 785 उम्मीदवारों की किस्मत का आज फैसला आने वाला है। मुख्य मुकाबला भाजपा, टीएमसी और माकपा के बीच है। त्रिपुरा निकाय चुनाव में भाजपा 13 सीटों पर आगे चल रही है।शहरी स्थानीय निकायों में कुल 334 सीटें हैं, एएमपी के 51 वार्ड, 13 नगरपालिका परिषद और 6 नपंचायत शामिल हैं।

### गंभीर को फिर धमकी

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद गौतम गंभीर को फिर जान से मारने की धमकी मिली है। गौतम गंभीर को कथित तौर पर आईएसआईएस कश्मीर से तीसरी धमकी वाला ई-मेल मिला है। उनके आधिकारिक ईमेल पर जान से मारने की धमकी मिली है। इस मेल में दिल्ली पुलिस का भी जिक्र है। मेल में लिखा है कि दिल्ली पुलिस और आईपीएस श्वेता चौहान भी कुछ नहीं कर सकतीं। दिल्ली पुलिस के अंदर हमारे जासूस मौजूद हैं, जो हमें तुम्हारे बारे में सारी जानकारी दे रहे हैं।

## यूपीटीईटी का पेपर हुआ लीक, परीक्षा रद्द



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आज (रविवार) यानी 28 नंवबर को आयोजित हो रही उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा का पेपर लीक हो गया है। इसकी वजह से परीक्षा रद्द कर दी गई है। राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा निरस्त कर दी है। बेसिक शिक्षा विभाग के निदेशक सर्वेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद परीक्षा निरस्त करने निर्णय किया गया है। प्रश्नपत्र वॉट्सएप पर लीक हो गया। पेपर लीक होने के बाद एसटीएफ ने प्रदेश भर में छापेमारी की है, प्रयागराज, मेरठ और गाजियाबाद से कई लोग हिरासत में लिए गए हैं। परीक्षा की तिथि का अब बाद में एलान होगा। बेसिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव दीपक कुमार ने बताया कि प्रयागराज में प्रश्न पत्र लीक होने की एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी गई है। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि पेपर लीक करने वाले कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनसे पूछताछ चल रही है, जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। यूपी सरकार एक महीने के भीतर दोबारा यूपीटीईटी की परीक्षा आयोजित कराएगी।

## हिंदू के बिना भारत और भारत के बिना हिंदू का कोई अस्तित्व नहीं



**ग्वालियर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र है। हिंदू के बिना भारत और भारत के बिना हिंदू का कोई अस्तित्व नहीं है। जब-जब हिंदुओं में हिंदुत्व की भावना कमजोर हुई है तब-तब हम संख्या में कम हुए हैं और हमारा विखंडन भी हुआ है। इसलिए जरूरी है कि भारत की अखंडता को बनाए रखने के लिए हिंदुओं में हिंदुत्व की भावना प्रबल हो। डॉ भागवत आज यहां एक समाचार पत्र के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित इस समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि ग्वालियर के केदारधाम में 25 नवंबर से आरंभ हुए मध्य भारत प्रांत के स्वर साधक संगम (घोष शिविर) में शामिल होने के लिए डॉ भागवत शुक्रवार रात ग्वालियर पहुंचे थे। वे 28 नवंबर तक यहीं रहेंगे। संघ प्रमुख ने इजरायल का उदाहरण देते हुए कहा कि यहूदियों का सांस्कृतिक इतिहास इजरायल से जुड़ा हुआ है। यहूदियों को भी वहां से अन्यत्र भू-भाग देने की इतिहास में कई कोशिशें हुईं लेकिन उन्होंने अपनी जमीन नहीं छोड़ी। यही वजह है दुनिया में यहूदियों का अस्तित्व आज भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत के लोग मन और विचारों से जुड़े होते हैं। हमारे बीच संबंध बनाने के लिए व्यापार का होना जरूरी नहीं है। उन्होंने भारत और अमेरिका के बीच संबंधों पर कहा कि अमेरिका हमेशा से ही भारत से अपने रिश्ते सुदृढ़ करना चाहता है। लेकिन उनके संबंधों में व्यापारिक मूल्य अधिक होते हैं और वह अमेरिकियों के हित को सर्वोपरि रखते हैं।

## किडनी नहीं लेना चाहता था पिता, किया सुसाइड

### बोला- बेटे की जिंदगी हो जाएगी खराब

**नाथद्वारा।** बेटे का जीवन सुरक्षित रहे, इसलिए ज्वैलर ने तालाब में कूदकर जान दे दी। उसकी दोनों किडनी खराब हो चुकी थी। 2 दिन बाद ही बेटे की किडनी ज्वैलर को ट्रांसप्लांट होनी थी। पिता को आशंका थी कि किडनी देने के बाद बेटे का स्वास्थ्य खराब हो जाएगा। उसका जीवन खतरे में पड जाएगा। इसलिए वह किडनी लेने को राजी नहीं थे। घर वालों का दबाव ब?ा तो कुछ ज्यादा विरोध नहीं कर पाए। रविवार को नाथद्वारा (राजसमंद) के उथनोल गांव के तालाब में उनका शव मिला। ग्रामीणों ने रविवार सुबह तालाब के पास कार खडी देखी। आसपास कोई नजर नहीं आया। शाम को तालाब में शव तैर रहा था। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। नाथद्वारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला। इसके बाद कार के नंबर के आधार पर पहचान हुई। शव आमेट निवासी भंवरलाल मेवाडा (47) पुत्र धर्मचंद्र मेवा?ा का था। वह आमेट में देवगढ रोड स्थित जलदाय विभाग के ऑफिस के पास रहते थे। इनकी बेंगलुरु




में सोना-चांदी और गिरवी की दुकान है। कोरोना काल के बाद से ही आमेट में रह रहे थे। उनके परिवार में पत्नी प्यारी देवी (45), दो बेटे राहुल (20), संजय (20) और एक बेटी पूजा (22) है। बड़ा बेटा राहुल भंवरलाल को अपनी किडनी देने वाला था। संजय और राहुल दुकान संभालते हैं। राहुल की शादी हो गई है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। शव को लालबाग उप जिला अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया। सोमवार सुबह पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।एएसआई रामचंद्र ने बताया कि भंवरलाल मेवा?ा की दोनों किडनी खराब थी। दो दिन बाद दिल्ली एम्स में किडनी ट्रांसप्लांट होना था। उनका बड़ा बेटा राहुल (25) किडनी डोनेट करने वाला था। वह ट्रांसप्लांट के लिए राजी नहीं था। उसका कहना था कि किडनी देने से बेटे का जीवन भी खराब हो जाएगा।

## एक साल माल बटोरा, 700 जमाकर्ताओं के लाखों लेकर गायब

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में सहकारिता विभाग का उपयोग करके बचत के नाम पर किस तरह संस्था का गठन किया जाता है, फिर साल-दो साल में ही जमाकर्ताओं से लाखों-करोड़ों का माल बटोरकर लोग रातोरात गायब हो जाते हैं, इसकी ताजा बानगी सामने आई है। इंदौर की एयू क्रेडिट को-आपरेटिव सोसाइटी में इंदौर, महेश्वर और मनावर के 700 से अधिक जमाकर्ताओं के लाखों रुपये जमा कराए गए और संस्था का मास्टर माइंड अध्यक्ष भूपेंद्र तेली सारा माल लेकर रफूचक्कर हो गया। इस घपले के बाद सहकारिता विभाग में भी लापरवाही का आलम चल रहा है। जमाकर्ताओं की शिकायत के बाद दो साल पहले विभाग ने जांच शुरू की। तीन सदस्यीय जांच दल ने कछुआ चाल से करीब पौने दो साल में यह जांच पूरी की और चार महीने पहले वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपी। इसके बाद भी अब तक संस्था के कर्ताधर्ता और अन्य आरोपितों के खिलाफ आर्थिक अपराध का मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया है। संयुक्त आयुक्त द्वारा वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक डीपी खरिया को मुकदमा दर्ज कराने के लिए दो-तीन बार नोटिस जारी किया जा चुका है।

## जजों की चयन प्रणाली में बदलाव जरूरी

### राष्ट्रपति की सलाहः परीक्षा के माध्यम से की जा सकती है नियुक्ति



**नई दिल्ली।** न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए चर्चा में रही कॉलेजियम प्रणाली एक बार फिर सुर्खियों में है। देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इस प्रणाली में बदलाव की आवश्यकता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि जज के माध्यम से जज के चयन की प्रणाली में बदलाव की आवश्यकता है। ऑल इंडिया परीक्षा के माध्यम से उच्च पदों पर न्यायाधीशों की नियुक्ति की जा सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति ने कहा कि न्यायाधीशों का चयन एक प्रासंगिक मुद्दा है। बिना किसी दुविधा के एक स्वतंत्र लोकतंत्र के लिए बदलाव आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में दृढ़ दृष्टिकोण रखता हूं कि न्यायालय की स्वतंत्रता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कोई और बेहतर तरीका खोजा जा सकता है।

#### अखिल भारतीय न्यायिक सेवा

राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि निम्न से लेकर उच्च पद तक न्यायाधीशों के चयन के चयन व प्रमोशन के लिए अखिल भारतीय न्यायिक सेवा हो सकती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह विचार नया नहीं है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों की चयन प्रक्रिया के इससे भी बेहतर सुझाव हो सकते हैं, लेकिन हमारा लक्ष्य सिर्फ यह होना चाहिए कि न्याय वितरण के लिए स्वतंत्र व मजबूत न्याय व्यवस्था।

#### अत्यधिक विवेक का प्रयोग करें न्यायाधीश

संबोधन में न्यायाधीशों को याद दिलाया कि अदालत कक्षों के अंदर बोलने में अत्यधिक विवेक का प्रयोग करना उन पर निर्भर करता है। कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि आपने अपने लिए एक उच्च बार निर्धारित किया है। इसलिए यह न्यायाधीशों पर भी निर्भर करता है कि वे अदालतों में बोलने में अत्यधिक विवेक का प्रयोग करें।



## ऑफिस जा रहे पापा को बाय बोलने आया मासूम की छत से गिरकर मौत

**भोपाल।** आज पूरा भोपाल भगवान से एक प्रार्थना जरूर कर रहा है कि इस तरह के हादसे दोबारा ना हो। डेढ़ साल का मासूम बच्चा तीसरी मंजिल की रेलिंग पर खड़े होकर ऑफिस जा रहे अपने पापा को बाय बोल रहा था। वहीं से अचानक गिरने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। भोपाल के दुर्गा नगर सेमरा, स्टेशन बजरिया क्षेत्र की हैमूलत॰ शाजापुर के रहने वाले राजेन्द्र विश्वकर्मा फर्नीचर का काम करते हैं। वह सेमरा में पत्नी व दो बच्चों के साथ किराए का कमरा लेकर रहते हैं।




## सावधान कई फंसे

## देशभर में फैला है हनी ट्रैप गर्ल कोमल का नेटवर्क

**लखनऊ।** पीजीआई इलाके में आवास विकास के कर्मचारी संग जबरन अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग के मामले में पुलिस जिस कोमल को तलाश रही है उसके गैंग का पूरे देश में नेटवर्क है। खास बात ये भी है कि ये गैंग लखनऊ से ही संचालित हो रहा है। कुछ समय पहले ही उसने नोएडा के दो बड़े व्यापारियों को भी हनी ट्रैप में फंसाकर मोटी रकम वसूली थी। ये खुलासा शनिवार को पीजीआई पुलिस के हत्थे चढ़े कोमल के साथी अवधेश सिंह से पूछताछ में हुआ। पीजीआई पुलिस के मुताबिक क्षेत्र की वृंदावन कॉलोनी, साउथ सिटी में रहने वाली कोमल ने देशभर में तमाम लोगों को हनी ट्रैप में फंसाकर लाखों रुपये की ब्लैकमेलिंग की है। जुलाई में उसने नोएडा के दनकौर मंडी निवासी एक व्यापारी को वीडियो कॉल करके अश्लील क्लिप बनाकर लाखों रुपये वसूले थे। थाना धर्मकोट




की पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोमल ने जुलाई में ही नोएडा के सेक्टर 20 थाना क्षेत्र के सेक्टर 15 ए में रहने वाले एक व्यक्ति से सोशल मीडिया पर दोस्ती करने के बाद 10 लाख रुपये ठग लिए थे। पीजीआई इंस्पेक्टर धर्मपाल ने बताया कि घर दिखाने के बहाने बुलाकर अश्लील वीडियो बनाने और फिर ब्लैकमेल करने के मामले में आवास विकास परिषद के कर्मचारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कोमल के साथी सुनील और कौशल को 24 नवंबर को ही गिरफ्तार कर लिया गया था। शनिवार को इसी गैंग के अवधेश सिंह को भी पकड़ा गया है। कोमल व उसका साथी जुगनू फरार हैं। दोनों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### महाराष्ट्र के टीचर की मौत में भी कोमल पर घूमी शक की सूई

महाराष्ट्र के उस्मानाबाद जिले के टीचर ने हनी ट्रैप में फंसकर पिछले साल खुदकुशी कर ली थी। पुलिस की जांच में पता चला कि लखनऊ की दिव्या दीक्षित ने फेसबुक पर दोस्ती कर टीचर को प्रेमजाल में फंसाने के बाद ब्लैकमेल करके लाखा रुपये वसूल लिए थे। वसूली से परेशान होकर टीचर ने आत्महत्या कर ली थी। अब पुलिस को आशंका है कि कोमल या उसी के गैंग की किसी लड़की ने नाम बदलकर टीचर को फंसाकर ब्लैकमेलिंग की थी।

### सचिवालय के अधिकारी भी बन चुके हसीनाओं के शिकार

सचिवालय के कुछ अधिकारी भी इसी तरह हसीनाओं के जाल में फंस चुके हैं। अगस्त माह में शिक्षा विभाग के विशेष सचिव भी ऐसे ही एक मामले में फंस गए थे। मेसेंजर पर वीडियो कॉल करके उनकी अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग की गई थी। इससे परेशान होकर उन्होंने हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## एक ऐसा साथी चाहिए जो मुझे बदलने की कोशिश ना करें



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा गुप्ता आज अपना 36वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रही हैं। ईशा गुप्ता इंडस्ट्री में अपनी बोल्डनेस की वजह से जानी जाती हैं। इतना ही नहीं, वह अपने बयानों की वजह से भी चर्चाओं में आती रहती हैं। वहीं, अपने जन्मदिन के मौके पर ईशा गुप्ता ने एक इंटरव्यू दिया है, जिसमें अभिनेत्री ने अपनी निजी जिंदगी के जुड़ी अफवाहों से लेकर शादी जैसे मुद्दों पर खुलकर बात की। दरअसल, ईशा गुप्ता ने बताया कि उन्हें अपने लिए चल रही खबरों से कोई फर्क नहीं पड़ता है। उनकी लाइफ में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण परिवार और दोस्त हैं और जब इनकी बात आती है तो वह काफी प्राइवेट इंसान हैं। लोग उनके बारे में जो भी लिखते हैं उससे अभिनेत्री को फर्क नहीं पड़ता है।

# राग देश,घूमर,लेद की छिड़ी तान

मैहर वाद्यवृंद के कलाकारों की प्रस्तुतियों में झूमे लोग, कटनी वासियों को अपनी संस्कृति व सभ्यता के करीब लाने का प्रयास






कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल

**कटनी।** जागृति पार्क में देशभर के शिल्पकारों की कलाकृतियों के बीच रविवार की शाम नलतरंग, सितार, इमराज, सरोद, वायलिन, चेलो, सितार, बैंजो, हारमोनियम और तबले के बीच राग देश, घूमर, लेद सहित अन्य रागों की फनकारों ने तान छेड़ी। फनकारों की तान पर लोग झूमते रहे और तालियों से उनका उत्साह भी बढ़ाया। कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में रविवार को मैहर के प्रसिद्ध मैहर वाद्यवृंद की कलाकारों ने प्रस्तुति दी। मां सरस्वती के पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई और उसके बाद कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत में अलग-अलग रागों की प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि शास्त्रीय संगीत की ओर नई पीढ़ी का लगाव कुछ कम हुआ है। हमारा संकल्प है कि हम अपने कार्यक्रमों में शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि फनकारों के माध्यम से जिलेवासियों को ये संदेश देना चाहते हैं कि हमारा उद्देश्य केवल पत्थरों पर जान फूंकने का कार्यक्रम नहीं था, कहीं न कहीं अपनी संस्कृति, सभ्यता के कटनीवासियों को करीब लाना भी उद्देश्य था, इसलिए हमने इन कार्यक्रमों को जोड़ा है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। मैहर वाद्यवृन्द द्वारा कार्यक्रम का प्रारंभ शास्त्रीय संगीत के रागों पर आधारित प्रस्तुतियां उपस्थित श्रोताओं के समक्ष कर की गई। जिसमें राग देश पर आधारित सामूहिक वाद्य यंत्रों पर छिड़े सुरों पर तबले की ताल ने समां बांधा। जिसके बाद कलाकारों ने राग सिंदूरा पर आधारित एक रचना प्रस्तुत की। अगले क्रम में राग देश पर आधारित एक रचना का प्रदर्शन कलाकारों द्वारा किया गया। वहीं देश की लोक संगीत रचनाओं में राजस्थान का घूमर और प्रदेश में लोकप्रिय लेद शैली पर भी प्रस्तुति कलाकारों ने दी। इस कार्यक्रम में रागों पर छिड़े सुगम सुरों पर तबले की ताल ने श्रोताओं को बांध रखा और हर प्रस्तुति के बाद श्रोताओं ने कालाकारों की प्रस्तुति की सराहना की। मैहर वाद्यवृन्द्र की शास्त्रीय संगीत के वाद्ययंत्रों पर आधारित प्रस्तुतियों के दौरान में बैंड प्रमुख डॉ. सुनील भट्ट के निर्देशन में वाद्ययंत्र इसराज पर सुरेश कुमार चतुर्वेदी, वायलिन पर जी.पी. पाण्डेय, हारमोनियम पर गुणाकर सावले, तबले पर अशोक मढ़ोलिया, तबले पर ही कमल किशोर माहौर, हारनियम पर गौतम भारतीय, नलतरंग पर सौरभ कुमार चौरसिया और सरोद पर बृजेश कुमार द्विवेदी ने संगत की।



## विधि छात्रों ने समझी न्यायिक कार्यप्रणाली

**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष, श्यामाचरण उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में, जिला न्यायाधीश व सचिव दिनेश कुमार नोटिया तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी बी.डी. दीक्षित द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत कटनी जिले के विभिन्न ग्रामों एवं अन्य क्षेत्रों में पहुंच सुनिश्चित करते हुये नालसा तथा सालसा की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुये लोगों को पैरालीगल वालेंटियर्स के माध्यम से जागरूक किया गया। अमृत महोत्सव अभियान के तहत के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों का प्रकाशन न्यूज पेपर, प्रेस-मीडिया, सोशल मीडिया पर किया गया। गतदिवस गतिविधियों के व्यापक प्रचार-प्रसार से प्रभावित होकर कटनी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के विधि विभाग के छात्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी पहुंचे एवं प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर प्राधिकरण के सचिव श्री नोटिया ने तालुका स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक स्थापित विधिक सेवा संस्थानों की जानकारी दी, तथा यह भी बताया कि कौन-कौन से व्यक्ति निःशुल्क और सक्षम विधिक सहायता के पात्र है। पेरालीगल वालेंटियर योजना के बारे में विस्तार से बताते हुये उन्होंने विधि विद्यार्थियों को पैरालीगल वालेंटियर के रूप में कार्य करने के लिये प्रेरित किया। साथ ही विधि छात्रों को अपने-अपने क्षेत्र में सामाजिक रूप से पिछड़े एवं वंचित लोगों को मदद करने की अपील की। इस दौरान विधि के विद्यार्थियों ने अपने मन में आने वाले प्रश्न पूंछकर अपनी जिज्ञासा शांत की।

## जयप्रकाश वार्ड में नुक्कड नाटक से दिया स्वच्छता संदेश



**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा एजेंसी के माध्यम से निरंतर स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

नोडल अधिकारी सुनील सिंह नें जानकारी देते हुए बताया कि नियुक्त एजेंसी के माध्यम से जय प्रकाश वार्ड में नुक्कड नाटक का आयोजन किया जाकर क्षेत्रीय रहवासियों को धरों से निकालनें वाले कचरे के प्रकारों से अवगत कराया गया। गीले एवं सूखे कचरे की जानकारी प्रदाय की जाकर अलग अलग डस्टबिन में रखनें व निगम के कचरा वाहन में अलग अलग ही देकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें की अपील की गई। आचार्य कृपलानी वार्ड स्थित शासकीय कन्या शाला राबर्ट लाईन के बच्चों के साथ प्रभात फेरी एवं रैली का आयोजन किया जाकर आयोजन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करनें, पन्नियों के स्थान पर कपडे के थैले को बाजार साथ लेकर जानें की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शाला परिवार के शिक्षकगण एवं स्कूल के छात्रों द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

# संविधान की मूलभावना को करें आत्मसात






**कटनी।** नेहरु युवा केंद्र कटनी युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में भारत सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 26 नवम्बर को भारतीय संविधान की 72वी वर्षगांठ पर ग्राम झिरिया विकासखंड विजयराघवगढ़ एवं विकासखंड मुख्यालय,विकासखंड बडवारा में संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ में अतिथियों ने भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण से किया द्य अतिथियों के स्वागत उपरांत विकासखंड प्रभारी स्वयंसेवक शुभम श्रीवास;बड़वारा एवं आदित्य दुबे विजयराघवगढ़ ने नेहरु युवा केंद्र एवं भारतीय संविधान के बारे में संक्षिप्त में जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुनील राय हिन्दी विभाग शास.महाविद्यालय बडवारा ने युवाओ को सम्बोधित करते हुए कहा की आज हम भारतीय संविधान रचना की 72 वी वर्षगांठ मना रहे है। हमारे संविधान निर्माताओं ने आदर्श समावेशी आधुनिक भारतीय समाज की परिकल्पना की थी। हमारे संविधान ने भारत के लोकाचार और जीवन मूल्यों को प्रतिनिधित्व देने, सम्पूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने का अवसर प्रदान किया है। इस अवसर पर उपस्थित युवाओ को राष्ट्र की एकता अखंडता सुनिश्चित करने के लिए शपथ दिलाई तथा संविधान दिवस के उपलक्ष में नेहरु युवा केंद्र कटनी से जुड़े सक्रिय युवा मंडल सदस्यों द्वारा चित्रकला कर अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में डॉ. रोशनी पाण्डेय प्राध्यापक, विकास यादव पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, नरेन्द्र कुशवाहा राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सार्थक निगम, शिवम् सिंह, ज्ञानी राम शिक्षक, महक बड्गैया राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, सुरेन्द्र पाण्डेय सहायक सचिव पराक्रम युवा मंडल के सदस्यगण आदि की उपस्थति थी। अंत में प्रभारी राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक आदित्य दुबे एवं नरेन्द्र कुशवाहा ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों युवा मंडल के सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

### हिंसा के उन्मूलन के लिये विधिक जागरूकता शिविर

## महिलाओं को मनोवैज्ञानिक नुकसान से बचाने किया जा रहा जागरूक




**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में, जिला न्यायाधीश व सचिव दिनेश कुमार नोटिया की अध्यक्षता में तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी बी.डी. दीक्षित की उपस्थिति में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा के उन्मूलन के लिये अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर वन स्टॉप सेंटर कटनी में विधिक साक्षरता शिविर व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर सचिव दिनेश कुमार नोटिया ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को जानकारी देते हुये बताया कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 25 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिन को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1993 के वर्ष के दौरान स्थापित किया गया था। यह दिन महिलाओं के खिलाफ हिंसा को लिंग आधारित हिंसा के रूप में परिभाषित करता है जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं को शारीरिक, यौन या मनोवैज्ञानिक नुकसान होता है या महिलाओं को नुकसान होता है, जिसमें धमकियां आदि शामिल हैं। इस प्रकार की समस्त प्रताड़नाओं के उन्मूलन तथा महिलाओं को जागरूक किये जाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह दिवस आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा महिलाओं के अधिकारों से संबंधित कानूनों का संग्रह ''जाने: महिलाओं से संबंधित कानून पुस्तिका का संवितरण किया गया एवं उसके अंतर्गत घरेलु हिंसा, महिलाओं के विरूद्ध अपराध, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, कार्यस्थाल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, महिलाओं के स्वास्थ्य अधिकार, मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, ऐसिड हमले के पीड़ितों के लिये विधिक सेवा योजना, आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिये विधिक सेवा योजना, मध्यस्थता, लोक अदालत आदि पर प्रकाश डाला गया। साथ ही महिला थाना से वन स्टाप सेंटर रेफर की गयी घरेलु हिंसा से पीड़ित महिला की काउंसलिंग कर पारिवारिक विवाद को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने के लिये पहल करने हेतु प्रोत्साहित किया। जिला विधिक सहायता अधिकारी बी.डी. दीक्षित ने निःशुल्क विधिक सहायता योजना, जिसके अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जाता है, के बारे में भी लोगों को बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही न्यायालयीन कार्यो को सरल एवं सुगम बनाने हेतु ई-सेवा तथा ई-न्यायालय से संबंधित जानकारी दी। नालसा के निःशुल्क विधिक सहायता ऐप एवं पोस्ट ऑफिस के माध्यम से अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करने के बारे में भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में प्रशासक वन स्टाप सेंटर श्रीमती नाग, अधिवक्ता मीना सिंह बघेल, पीएलव्ही आराधना तिवारी, लता खरे तथा जिला प्राधिकरण कटनी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुहास में धान की पराली ले जा रही ट्राली में लगी आग, कोई हताहत नहीं



**कटनी।** रीठी तहसील अंतर्गत ग्राम मोहास में कल किसान खेत से धान की पराली लेकर घर की ओर आ रहा था तभी अचानक ट्राली में रखी धान में आग धधक उठी ग्रामीणों ने आनन-फानन में आग को बुझाने का प्रयास किया, काफी प्रयासों के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया। इस संबंध में बताया गया कि कल शनिवार की शाम को मुहास के हरिजन टोला स्थित खेरमाई रोड पर खेत में धान की फसल की कटाई के बाद पराली लेकर किसान घर की ओर आ रहा था तभी धुआं उठने लगा ग्रामीणों की मदद से आग पर बड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया।

### नीलिमा ❤ से

### मुफलिसी

आसमान की चादर ओढ़ जमीं को बना बिछौना
सो रहे हैं वो आँखों में कल के झूठे ख्वाब संजोए

सर्द ठिठुरती रातों का क़हर बदन में नश्तर सा चुभोए
मयस्सर ना हुई छत, उनकी बेकसी पर मुकद्दर भी रोए

मुफलिसी की जद्दोजहद में दर-बदर भटकते फिरते
दो जून रोटी के लिये तड़पते बच्चे आधे पेट ही सोए

चंद रुपयों की रेजगारी में रोज बिकती हैं वो बेचारी
जीने की ख़ातिर साँसों का बोझ, दफन होती पीड़ाएं ढोए

मुफलिसी को अपना भाग्य मान पलकों की कोरें भिगोए
वक्त के दौर में उपेक्षित, चल पड़े कंधों पर जिंदगी का बोझ ढोए

खड़े हैं मतदान की कतार मे उम्मीद और आशा की भोर लिए
बेच के खुद को, सियासत का छलावा झंडा हाथों में लिए !!!


मयस्सर = नसीब
मुफलिसी = निर्धनता
बेकसी = दीनता





- नीलिमा पाठक सामंतरे

सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 4 शो ता. 25 से दोपहर 1, 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से
सत्यमेव जयते-2
कलाकार- जॉन अब्राहम, दिव्या खोसला कुमार, हर्ष छाया, अनूप सोनी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 4 शो ता. 26 से दोपहर 12, 3, 6 एवं रात्रि 9 बजे से
अंतिम
(The Final Truth)
कलाकार- सलमान खान, आयुष शर्मा, महिमा मकवाना, महेश मांजरेकर, निकितिन धीर आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 26 से दोपहर 12, 3, 6 एवं 9 बजे से
अंतिम
कलाकार-सलमान खान, आयुष शर्मा, महिमा मकवाना, निकितिन धीर आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# स्वसहायता समूह की 100 महिलाओं को नाबार्ड से मिलेगा वित्तीय सहयोग

## सीएसआर के दिशा सेंटर में स्वावलंबी बनने विशेषज्ञों से मिला नेतृत्व कौशल प्रशिक्षण

**कैमोर।** एसीसी कैमोर के सीएसआर विभाग द्वारा 16 गोंवों की एक सैकड़ा से भी अधिक महिलाओं को स्व सहायता समूह के माध्यम से स्वावलंबन परियोजना में जोड़ा गया था। अब इन महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए वृहद स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं जिसके तहत इन महिलाओं को गत दिवस नाबार्ड के माध्यम से औद्योगिक ईकाईयों की स्थापना के लिए कौशल प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्य डायरेक्टर प्लाट के.आर.रेड्डी के मार्गदर्शन में किया जा रहा।





एसीसी ट्रस्ट एवं राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में स्व सहायता समूहों से जुड़ी 8 गाँवों अमेहटा, देवसरी, खलवारा, सलैया कोहारी, बरापार, अमुवारी, खरखरी व गुड़गड़ौहा की 54 महिलाओं हेतु नेतृत्व कौशल पर एसीसी दिशा सेंटर में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। नाबार्ड डीडीएम कटनी धनेश एम.व वित्तीय साक्षरता के सलाहकार अनिल जाट द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में समूह में नियमित बैठक व बचत, आपसी लेनदेन, नियमित किश्त व ब्याज की वापसी व समूह के सभी निर्णयों और बैठकों की कार्यवाही व रिकार्ड संधारण इत्यादि पर चर्चा की गई, साथ ही लघु उद्योगों हेतु बैंक से कैसे पहल किया जा सके, व उद्यमिता विकास हेतु बैंक की सहायता कैसे प्राप्त हो, इन सभी विषयों पर नाबार्ड के जिला अधिकारी द्वारा समझाइश दी गई। कटनी से पधारे वित्तीय साक्षरता के सलाहकार अनिल जाट ने बैंक लोन से जुड़ी कार्यवाही के साथ ही केंद्र व राज्य की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर प्रकाश डाला, जिसके द्वारा महिला उद्यमी अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकते हैं। एसीसी सीएसआर प्रमुख ऐनेट एफ.विश्वास द्वारा स्वावलंबन परियोजना की विकास यात्रा का उल्लेख किया गया। इस परियोजना से लाभान्वित महिलाओं ने अपने उद्यम से जुड़े अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पंकज द्विवेदी द्वारा छोटे-छोटे उद्यमो से हो रहे लाभ और चुनौतियों को महिलाओं के माध्यम से मंच पर चर्चा करवायी। अमित सोनी ने व्यक्तिगत कौशल से जुड़े छोटे उद्यमों और सामूहिक रूप से जुड़ कर किये जाने वाले उद्यमों पर चर्चा की। नाबार्ड डीडीएम धनेश द्वारा कार्यशाला में अच्छी सहभागिता हेतु महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को रूचिकर बनाने हेतु मनोरंजक गतिविधियो का भी आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। अंत में मोहसिना बी द्वारा स्वच्छता गीत वा हाथ धुलाई के सही तरीके को बताकर और हाथ धुलवाकर स्वच्छता के प्रति संदेश दिया गया एवं स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में ऐनेट विश्वास के साथ एसीसी ट्रस्ट की टीम से अमित सोनी, पंकज द्विवेदी, अयोध्या तिवारी, परमलाल साहू, मोहसिना बी व सुनील की विशेष भूमिका रही।



# गोदाना में एनजीओ के सर्वे पर सीईओ ने लगाई रोक

**रीठी।** रीठी तहसील के ग्राम गोदाना में बीते शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास से संबंधित कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का फीडबैक लेने एक कथित एनजीओ के कार्यकर्ता घर-घर जाकर सर्वे कर रहे थे। शासकीय योजना से संबंधित सवालों के अलावा एनजीओ के कार्यकर्ता लोगों के घरों में सोना चांदी की उपलब्धता एवं कोरोनाकाल में परिवार चलाने के लिए निजी एवं शासकीय स्तर पर प्राप्त होने वाली आर्थिक सहयोग के बारे में भी जानकारी प्राप्त की जा रही थी। कथित एनजीओ के इस तरह के सवालों को लेकर ग्रामीणों के मन में संदेह पैदा हुआ। इसकी जानकारी तत्काल पंचायत सचिव एवं जनपद सीईओ को दी गई बाद में पता चला कि कथित एनजीओ के कार्यकर्ता बिना किसी शासकीय अनुमति के यह कार्य कर रहे हैं। सीईओ के आदेश के बाद तत्काल सर्वे का काम रोक दिया गया। महिला बाल विकास के द्वारा कुपोषण एवं प्रशासन के द्वारा क्या मदद मिली 2 माह से लेकर 2 साल के बच्चों के लिए पोषण और अन्य सुविधाओं की क्या प्रशासन से सुविधा दी गई टीकाकरण नियमित किया जा रहा है स्वास्थ्य विभाग आदि जानकारी पर भी एनजीओ के द्वारा आशा कार्यकर्ता को साथ में लेकर घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा था एवं कोरोना काल की अन्य जानकारी एकत्रित कर रहे थे। उनके प्रश्नों के प्रारूप पर ग्रामीणों को शक हुआ कथित एनजीओ ग्रामीणों से सोना चांदी और संपत्ति के बारे में भी जानकारी ले रहे थे जिस पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने अपने रीठी परियोजना कार्यालय में सूचना दी कि पोषण आहार पर जानकारी लेने कोई टीम सर्वे कर रही है साथ ही आशा कार्यकर्ता भी उनके साथ ही स्वास्थ्य के बारे में घर-घर जाकर उनके सर्वे में सहयोग कर रही थी। जिसकी ग्रामीणों ने जीआरएस प्रकाश पटेल को सूचना दी और ग्राम पंचायत के सहेज सचिव ने इसकी सूचना अपने जनपद पंचायत कार्यालय को दी। साथ ही जीआरएस ने यह भी बताया कि पंचायत जनपद पंचायत द्वारा इस तरह के किसी भी सर्वे दल की सूचना नहीं दी गई है।

# बंधक बनने से पहले मुक्त हुए रीठी और पन्ना के श्रमिक

## नरसिंहपुर से आगे वाहन निकल जाने के बाद ग्रामीणों को हुआ संदेह



**रीठी।** रीठी तहसील के ग्राम पंचायत खमरिया नंबर एक तथा पड़ोसी पन्ना जिले के लगभग 2 दर्जन से अधिक मजदूरों को गन्ना कटाई के कार्य के लिए नरसिंहपुर ले जाया जा रहा था रास्ते में इन मजदूरों को उन्हें ले जाने वाले व्यक्ति पर कुछ संदेह हुआ और वे जाने से इंकार करने लगे तो मुकदम द्वारा ले जाए जाने पर जोर जर्बदस्ती की गई जिस पर मजदूरों ने बैतूल के ग्रामीणों को सूचित कर प्रशासन का सहयोग लिया। प्रशासन की मदद से बंधक बनाकर मजदूरी के लिए ले जाए जा रहे मजदूरों को मुक्त करा लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शंकर मुकद्दम नाम का एक व्यक्ति रीठी के खम्हरिया एवं पन्ना के श्रमिकों को गन्ना कटाई श्रमिक के रूप में काम देने का झांसा देकर एक वाहन में ले जाया जा रहा था रास्ते में कहीं भी वाहन को नहीं रोका गया। लगातार कई घंटे चलने के बाद श्रमिकों ने जब थोड़ी देर के लिए वाहन रोकने का अनुरोध किया तो मुकदम ने वाहन रोकने से इंकार दिया जिससे श्रमिकों को संदेह हो गया। साथ ही वहां रातभर चलने के बाद बैतूल जिले के दामतीपुरा श्रमिक वाहन जब रुका एतब ग्राम वासियों ने श्रमिको से पूंछा की कहाँ जा रहे हो श्रमिको ने बताया कि हम लोग गन्ने की कटाई करने हेतु करेली जा रहे तब गांव वालों ने कहा कि करेली तो बहुत पीछे छूट चुका है। इस घटना के बारे में, तत्काल ग्रामवासियों ने सीएम हेल्पलाइन पर श्रमिकों को गुमराह की सूचना दी। प्रशासन ने मामले को संज्ञान लेकर कार्यवाही करते हुए जनसहयोग व प्रशासन की मदद से श्रमिकों को मुकदम के कब्जे से मुक्त कराया।

## जीयर स्वामी मठ पुरी से पधारे, भागवत कथा का शुभारंभ

**कटनी।** स्वामी इंदिरा रमणजी महाराज के सानिध्य में भागवत कथा सरिता की अमृतधारा उदयाचल के सूर्य की किरणों से दमकती सुनहरी रज मां गोमती गंगा की पावन गोदी में 88000 हजार ऋषियों की तपोस्थली नैमिषारण्य चक्रतीर्थ के महत्व और भागवत कथा की उत्पत्ति संबंधी अमृत कथा पर व्याख्या करते हुए जगन्नाथपुरी जीयर स्वामी मठ के पीठाधीश्वर स्वामी इंदिरा रमण ने भागवत कथा के प्रथम दिवस पर व्यक्त किए। सुशील पुष्पा परोहा के निवास छोटी खिरहनी पर आयोजित कथा सप्ताह के तृतीय दिवस पर आज स्वामी जी ने भागवत कथा हमें क्या शिक्षा देती है। जीवन मैं सत्संग कितना महत्वपूर्ण है संतों का साथ हमें किन-किन विपत्तियों से बचाए रखता है।

# एसीसी माइंस को तीसरी बार फाइव स्टार रैंकिंग अवार्ड

## केंद्रीय खान, कोयला और संसदीय कार्य मंत्री ने शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया





**कैमोर।** माइनिंग के क्षेत्र में लगातार प्रगतिशील, अभिनव और अनुकरणीय कार्य के लिए एसीसी कैमोर सीमेंट वर्क्स को लगातार तीसरी बार फाईव स्टार रैंकिंग का सम्मान हासिल हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान प्राप्त करने वाली एसीसी माइंस कटनी जिले की पहली खनिज संस्था है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत सरकार के खान मंत्रालय एवं भारतीय खान ब्यूरो के संयुक्त तत्वाधान में गत दिवस नई दिल्ली के अशोका होटल में गत 23 नवम्बर को 5 वां खनिज सम्मेलन आयोजित किया गया था जिसमें देश की अनेक बड़ी राष्ट्रीय खनिज संस्थाओं ने भाग लिया था। इस सम्मेलन में एसीसी कैमोर को खदानों के रख रखावएउत्खनन एवं सुरक्षा उपायों के क्रियान्वयन के छेत्र में सब से बेहतर पाया गया। खनिज क्षेत्र में प्रगतिशील, अभिनव एवं अनुकरणीय कार्यो से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर एसीसी को फाइव स्टार रेटिंग प्रदान की गई। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्र सरकार के खान, कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री जगदीश जोशी ने एसीसी को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसीसी की ओर से चीफ मैन्युफैक्चरिंग आफिसर रजत पुष्टी एवं महगांव माइंस कैमोर के महाप्रबंधक मनोज शंकर सिंह ने केंद्रीय मंत्री श्री जोशी के हांथो यह सम्मान ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान 2016-17 से शुरू किया गया था। एसीसी को लगातार तीसरी बार यह सम्मान हासिल हुआ है। यह उपलब्धि एसीसी माइंस को डायरेक्टर प्लांट के आर रेड्डी के मार्गदर्शन एवं महाप्रबंधक माइंस मनोज शंकर सिंह के नेतृत्व में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिली है।

# यू-13 और यू-16 में कटनी ने सिवनी-नरसिंहपुर को हराया





**कटनी।** जबलपुर में खेली जा रही अंडर 16 व अंडर 13 इंटर स्कूल डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट में कटनी जिले के शालेय क्रिकेटर्स की टीम ने क्रमशः सिवनी और नरसिंहपुर जिले के विद्यार्थियों की टीम को बड़े अंतर से हराने में कामयाबी हासिल की।जिसमें यू13अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में सिवनीऔर कटनी के मध्य खेले जाने वाले मैच में लकी ने शतकीय प्रहार किया तो विजेंद्र की गेंदबाजी ने सिवनी की रीढ़ तोड़ दी। पहले दिन कटनी की टीम ने 9 विकेट खोकर 272 रन बनाए।कटनी से लकी मेहरा ने 257 गेंद में नाबाद 156 रनएअभेन्द्र प्रताप सिंह 22रन बनाए। जवाब में सिवनी की पूरी टीम 145 रन के स्कोर पर आउट हो गई। सिवनी की ओर से अक्षय मिश्रा ने 100 और कटनी से विजेंद्र ने 6एयश तिवारी ने 3एप्रीत सोमवानी ने1 विकेट लिए। अब कटनी एवम जबलपुर के बीच सेमीफइनल मैच खेला जाएगा। अंडर 16 में कटनी ने नरसिंहपुर को 73 रन से हर दिया। कटनी ने 6 विकेट खोकर 136 रन का स्कोर बनाया। आदित्य भारती ने 75 व हर्ष मंगलानी ने 23 सचिन यादव ने 22 रन बनाए। जवाब में नरसिंहपुर की टीम 63 रन पर आउट हो गई। अभिनव ने चार सचिन और सुमित ने 2 .2 विकेट लिए।



# तलैया का सौंदर्यीकरण व पर्यटक स्थल बनाने किया निरीक्षण

**कटनी।** श्री नागेश्वरधाम शनि मंदिर बग्गा बाबा की तलैया में शनिवार भैरव अष्टमी के दिन कटनी नगर के लोकप्रिय विधायक संदीप जयसवाल और साथ में कटनी नगर निगम आयुक्त का श्री बग्घा बाबा की तलैया सौंदर्यीकरण और उसको पर्यटक स्थल बनाने के लिए सर्वे किया गया तालाब गहरीकरण चारों तरफ लाइट की व्यवस्था तालाब के चारों तरफ आने जाने वालो के लिए एक सर्किल राउंड और भी अनेक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया कटनी शहर का नागेश्वर धाम शनि मंदिर एक ऐतिहासिक तीर्थ स्थल है जो आने वाले समय में कटनी जिले के लिए आने वाले समय में एक बहुत ही पर्यटक स्थल के रूप में इसे देखा जाएगा। कार्यक्रम में विधायक संदीप जयसवाल कटनी नगर निगम आयुक्त अधिकारीगण, पार्षदगण, नागेश्वरधाम मंदिर कमेटी के सदस्य एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम सफल हुआ।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

# पं. विनोद मिश्रा को पुत्र शोक

**विजयराघवगढ़।** कैमोर इंटक यूनियन के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, तहसील ब्राम्हण समाज विजयराघवगढ़ तथा श्रमधाम सेवा संस्थान कैमोर के अध्यक्ष पं. विनोद मिश्रा के ज्येष्ठ पुत्र सत्येन्द्र मिश्रा लालू का बीते 26 नवम्बर की रात आकस्मिक दुःखद निधन हो गया। 46 वर्षीय लालू मिश्रा एसीसी माइंस में स्थायी कर्मचारी थे। उनके आकस्मिक निधन का दुःखद समाचार मिलते ही कैमोर और विजयराघवगढ़ छेत्र से भारी संख्या में लोग शोक संवेदना व्यक्त करने उनके विजयराघवगढ़ स्थित निवास पहुंचे। 27 नवम्बर की सुबह 11 बजे अंतिम यात्रा निकाली गई जिसमें हर वर्ग के लोग शामिल हुए। अन्त्येष्टि के पश्चात शोक सभा कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

### विधायक संजय पाठक ने जताया गहन शोक

विजयराघवगढ़ के प्रतिष्ठित मिश्रा परिवार पर हुए इस वज्राघात पर क्षेत्रिय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने गहन दुःख व्यक्त करते हुए कहा है कि मिश्रा परिवार पर आई दुख की इस घड़ी में वे मिश्रा परिवार के साथ हैं। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की है।

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने,
कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

# सालभर पहले कटनी में सक्रिय हुए मृदुल को युवा मोर्चा की कमान

## वीडी शर्मा के भरोसेमंद होने का मिला लाभ, बाकी दावेदार मायूस

**कटनी। भाजपा में नियुक्तियों के मामले में प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव से मिली गाइडलाइंस के मुताबिक कटनी में भी ताबड़तोड़ मनोनयन का क्रम जारी है। पार्टी के सबसे अहम मोर्चा संगठन भाजयुमो में आज सुबह हुई मृदुल मिश्रा की नियुक्ति ने इस पद की रेस में शामिल युवा नेताओं को चौंका दिया। मृदुल द्विवेदी के बाद दूसरे मृदुल का नाम पिछले कुछ समय से जब चर्चाओं में आया तो लोग उनके बारे में पतासाजी करने लगे। बताया जा रहा है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में कार्य करने के दौरान में प्रदेश भाजपाध्यक्ष वीडी शर्मा के संपर्क में आये और उन पर वीडी शर्मा का इतना भरोसा जम गया कि मृदुल बाकी सभी दावेदारों को पछाड़ते हुए युवा मोर्चा की कुर्सी पर काबिज हो गए, जबकि पार्टी के अंदर ऐसा कहा जा रहा कि वे कटनी की छात्र और युवा राजनीति में कभी सक्रिय नही रहे, बल्कि सालभर पहले ही उनके परिजन कटनी के एकेजे में आकर रहने लगे हैं। मृदुल की ज्यादातर सक्रियता जबलपुर में ही रही है।**

जानकारी के मुताबिक युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार ने आज सुबह जिन 7 जिलाध्यक्षों की सूची जारी की है उसमें कटनी भी शामिल है। तीन दिन पहले महिला मोर्चा में अध्यक्ष की नियुक्ति की गई थी और इसके बाद कल अनुसूचित जनजाति मोर्चा में तथा आज युवा मोर्चा में मनोनयन कर दिया गया। अभी बहुत सारे ऐसे प्रकोष्ठ और समितियां हैं जिनमे कार्यकर्ताओबको एडजस्ट किया जाना है। प्रदेश संगठन की ओर से इनके लिए नाम भी मांगे जा चुके हैं। आने वाले दिनों में जल्द ही मोर्चो की कार्यकारिणी बनाने का काम भी हो जाएगा। बताया जा रहा कि नवनियुक्त मोर्चा अध्यक्षों को निर्देशित कर दिया गया है कि वे बिना विलम्ब किये अपनी टीम तैयार करके प्रदेश कार्यालय को भेजें ताकि घोषणा की जा सके। दरअसल मिशन 2023 की तैयारियों में जुट चुकी पार्टी अब नियुक्तियों के मामले में कोई लेट लतीफी नही करना चाह रही। फील्ड पर कार्यकर्ता ही वोटर के सम्पर्क में रहते है, इसलिए पार्टी इनकी नाराजगी मोल नही लेना चाह रही। काफी समय से कार्यकर्ताओ को पदों में एडजस्ट नही किया गया, जिसको लेकर उनमें असंतोष पनपने का डर भी बना हुआ है। यही वजह है कि सांगठनिक नियुक्तियों के फौरन बाद पंचायत और फिर नगरीय निकाय चुनाव भी कराए जाएंगे ताकि कार्यकर्ताओ को पार्षद, मेयर, पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, अध्यक्ष और जिला पंचायत में एडजस्ट किया जा सके।

### एज फैक्टर में पिछड़े मयंक

सूत्र बताते हैं कि इस पद के लिए मयंक गुप्ता भी जोर आजमाइश कर रहे थे। कटनी के अनेक नेता भी उनके पक्ष में थे किंतु अंतिम समय मे एज फैक्टर भी आड़े आ गया। पार्टी ने युवा मोर्चा अध्यक्ष के लिए 30 साल की उम्र फिक्स कर दी। मयंक 34 के होने की वजह से पिछड़ गए जबकि वे पिछले 2 साल से इस पद के लिए जोर मार रहे थे। वे जिला मंत्रीए उपाध्यक्ष और महामंत्री रह चुके हैं। मयंक का नाम कटनी में जरूर मजबूती से लिया जा रहा था, किंतु मृदुल मिश्रा ने अपने प्रांत स्तर पर फैले संपर्कों का लाभ ले लिया।

### जिले की राय को खास तवज्जो नही

जानकारी के मुताबिक कटनी में युवा मोर्चा अध्यक्ष की नियुक्ति में जिला संगठन की राय को बहुत ज्यादा तवज्जो नही दी गई। वजह यह है कि मृदुल मिश्रा स्वयं लंबे समय से प्रदेश संगठन के मुखिया वीडी शर्मा के सम्पर्क में है। मृदुल की सक्रियता से वीडी शर्मा खुद परिचित हैं। इसलिए उन्हें कटनी की जिला संगठन से इस सम्बंध में कोई राय लेने की जरूरत ही नही पड़ी। जानकारी के मुताबिक मृदुल मिश्र विद्यार्थी परिषद में पहले प्रदेश मंत्री तथा बाद में सह संगठन मंत्री के तौर पर काम कर चुके हैं। इस नाते प्रांतभर के नेताओं से वे पहले से परिचित हैं।



उनकी छात्र राजनीति की शुरुआत रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से हुई और जबलपुर ही उनकी सक्रियता का कार्यक्षेत्र रहा। विद्यार्थी परिषद की जिम्मेदारी से मुक्त होने के बाद वे युवा मोर्चा की प्रदेश की टीम में कार्य करने के इच्छुक थे लेकिन उन्हें कटनी के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी गई । यह अलग बात है कि उनकी सक्रियता का दायरा कटनी कभी नही रहा। कहीं न कही अचानक ऊपर से नाम आ जाने की वजह से कटनी के युवा नेताओं को मायूस अवश्य होना पड़ा है, भले ही वे संगठन की मर्यादा के चलते खुलकर न बोलें किंतु इस नियुक्ति से उन्हें मन मसोसकर रह जाना पड़ा है। बताया जा रहा है कि मृदुल मिश्रा मूलतः उत्तरप्रदेश के निवासी हैं और उनके पिता रेलवे में कार्यरत गेन। पिता के कटनी एकेजे में ट्रांसफर के चलते वे एक साल पहले ही कटनी आये हैं।

## 6 दिसंबर को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद घोषित होगा चुनावी कार्यक्रम




# पंचायत चुनाव में देर तो हुई अब अंधेर न हो जाये

**कटनी। त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव कोरोना सहित कुछ अन्य कारणों से अपने निर्धारित समय पर नहीं हो पाए। चुनाव में एक से डेढ़ साल की देरी हो चुकी है। राज्य शासन और राज्य निर्वाचन आयोग अब हर हाल में साल खत्म होने से पहले पंचायत चुनाव करा लेना चाहता है। हड़बड़ी का आलम यह है कि त्रि स्तरीय पंचायत चुनावों के लिए आरक्षण से सम्बंधित प्रावधानों का भी पालन नहीं किया जा रहा। एक नया अध्यादेश लाकर चुनाव पूर्व की प्रक्रियाओं के आधार पर नए चुनाव सम्पन्न कराने की बात सामने आ रही है। सूत्रों की माने तो 6 दिसम्बर को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद किसी भी दिन चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी जाएगी। चुनाव हर हाल में दिसम्बर में ही कराये जाएंगे।**

गौरतलब है कि प्रदेश सहित कटनी जिले में भी ग्राम पंचायतों से लेकर जनपद और जिला पंचायत का कार्यकाल जनवरी 2020 से लेकर मार्च 2020 तक समाप्त हो चुका है। कार्यकाल खत्म होने से पहले राज्य शासन ने मतदाता सूची तैयार करने से लेकर पंच, सरपंच,जनपद सदस्य और अध्यक्ष तथा जिला पंचायत सदस्य छेत्रों का आरक्षण भी कर दिया था। केवल जिला पंचायत अध्यक्ष पद का आरक्षण ही शेष था। माना जा रहा था कि जिला पंचायत अध्यक्ष का आरक्षण होने के बाद पंचायत चुनाव होंगे पर अब ऐसा नहीं हो रहा। नये अध्यादेश के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2015 में किये गए आरक्षण के आधार पर कराये जाने है। याने 2015 से लेकर 2020 तक जिस वर्ग से पंच या सरपंच रहे फिर उसी वर्ग से उनका चुनाव होगा यानी कटनी जनपद अध्यक्ष पद फिर अनारक्षित रहेगा तो विगढ़ जनपद अध्यक्ष पद फिर अनुसूचित जाति के लिए ही रिजर्व रहेगा। इसके अलावा पूर्व में कराया गया परिसीमन भी रद्द कर दिया गया है। नये परिसीमन में विजयराघवगढ़ जनपद छेत्र में लखनपुरा सहित 8 नई पंचायतें गठित की गई थी। इसके अलावा परसवारा ग्राम को टिकरिया पंचायत से पृथक कर हरदुआ कला पँचायत से जोड़ दिया गया था। इसके अलावा बड़वारा, बहोरीबंद सहित अन्य जनपदों में भी नई पंचायत बनी थीं। नये अध्यादेश में यह परिसीमन भी रदद हो गया है। यह भी बताया जा रहा कि नया अध्यादेश 31 दिसम्बर तक ही प्रभावी रहेगा। अगर 31 दिसम्बर तक चुनाव नहीं हुए तो न केवल परिसीमन पुनः बहाल हो जाएगा बल्कि आरक्षण भी लागू हो जाएगा। जानकारी के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 25 नवंबर से पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जा रहा।

परिसीमन रदद हो जाने से उन ग्रामों के मतदाताओं के नाम पुनः पुरानी वाली पंचायतों में जोड़े जा रहे। यह कार्य आज तक पूरा करने के बाद कल 29 नवम्बर को मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया जाएगा। लोग 3 दिसम्बर तक सूची को लेकर दावे आपत्तियां प्रस्तुत कर सकेंगे। 4 दिसम्बर को दावे आपत्तियों के निराकरण के बाद 6 दिसम्बर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। इसके बाद किसी भी दिन चुनाव की तारीखों का एलान हो जाएगा। जिस बदले परिवेश में पंचायत चुनाव कराये जाने की जानकारी मिल रही उससे ग्रामीण मतदाता हैरत में है। अभी तक नये आरक्षण के अनुसार दावेदार चुनाव की तैयारी कर रहे थे अब फिर पुराने आरक्षण के अनुसार चुनाव कराए जाने की बात उनके गले नहीं उतर रही। कहा तो यहां तक जा रहा कि पंचायत चुनाव में देर तो हुई ही है अब अंधेर होने की भी आशंका है।

# शादी का झांसा देकर डॉक्टर 10 साल से कर रहा था दैहिक शोषण

***एफआईआर के साथ हुई गिरफ्तारी, आईजी जबलपुर के निर्देश के बाद दर्ज हुई रपट***



**कटनी ।** शादी का झांसा देकर युवती की अस्मत लूटने वाले एक डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी डॉक्टर जिला चिकित्सालय में पदस्थ है। पीड़ित युवती ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है कि शासकीय जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. नागेश्वर प्रसाद जैसल उससे शादी का वादा कर पिछले दस साल से दैहिक शोषण कर रहा था । सरकारी सेवा में आने के बाद वह शादी से मुकर गया । पीड़िता की शिकायत पर महिला थाने में धारा 376, 376 (2) एन एवं 506 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध करने के बाद शनिवार शाम जिला चिकित्सालय के गेट पर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया। महिला थाना की प्रभारी मंजू शर्मा ने बताया कि पीड़िता ने एफआईआर में आरोप लगाया है कि आरोपी ने जिला अस्पताल में ज्वाइनिंग के बाद उसने शादी करने से इंकार कर दिया।

## तीन थानों में हुई चोरी का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

# 2 लाख रूपए कीमती मूर्तियों सहित जेवरात, गाड़ी एवं मोबाइल जप्त

**कटनी।** थाना एन के के द्वारा शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन चोरियों का खुलासा कर चोरी गई सम्पत्ति को बरामद किया गया है। दुर्गा चौक स्थित दुर्गा मंदिर की प्रतिमा में चढी सोने की नथ, छोटी झुमकी व छोटा माला व दानपेटी अज्ञात चोर चोरी हो गई थी। प्रतिमा के सोने के जेवर लगभग 25 हजार रूपए कीमती बताए गए हैं। पुलिस ने इसके साथ चोरी गई 2 लाख रूपए कीमती डेढ़ सौ वर्ष पुरानी मूर्तियों सहित मोबाइल, माधवनगर क्षेत्र से चोरी गई एक्टिवा गाड़ी आरोपी प्रकाश दुबे से जप्त किया जाकर आरोपी को माननीय न्यायलय पेश किया गया। गिरफ्तारी में अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक नीरज दुबे सहायक उपनिरीक्षक दिनेश करोसिया, सहपल परतेती, आरिफहुसैन, आदि की भूमिका रही। एसपी ने उक्त मामले के आरोपी को ग्रिफ्तार करने वाली टीम को नगद पुरुस्कार से पुरुस्कृत करने की घोषणा की है ।

### तिहरे हत्याकांड के आरोपी को फरारी में सहयोग देने वाला गिरफ्तार

**कटनी।** विजयराघवगढ़ क्षेत्र में तिहरे हत्याकांड के बाद विचाराधीनबंदी के रूप में रहते हुए बीमारी की स्थिति में जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान फरार हुए आरोपी देवी सिंह को फरारी में सहयोग करने वाले दो आरोपी देवा वंशकार पिता विजय वंशकार उम्र 27 वर्ष एवं सूरज उर्फ भूरा सक्तेल पिता महेश सक्तेल उम्र 26 वर्ष निवासी उड़िया मोहल्ला एनकेजे को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5-5 हजार का इनाम घोषित किया गया था।


देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V.
(Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहाँसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टैनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें www.yashbharat.com

दुनिया का नं.1 ब्रांड SAMSUNG
UPSIZE NOW
UP To 22.5% Additinal Cash Back
0% Finance Scheme Exchange Offer
Upsize your lifestyle with amazing offers.
Free Sound Bar 9990/- For Selected TVs
आयुष प्लाजा सेमसंग एक्सक्ल्यूसिव शोरूम
विशाल मेगा मार्ट के पास बरगवां कटनी, मो. 9893366435, 8319908847

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

इयूरेबल डिज़ाइनर फर्नीचर की फुल रेंज
अब है स्मार्ट फर्नीचर का जमाना
FURNITO THE FURNITURE HUB...
गौरी शंकर मंदिर के पास, खेवर लाइन, माधव नगर कटनी (म.प्र.)
- Call - 9770037027

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR Reliance digital TRENDS
PLANET FASHION U-TURN BOLSA
GALAXY GAME ZONE City PRIDE Cinema Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

Katni's No. 1
M. 94258 01294
मंजूश्री LIFESTYLE
कोट सूट।।शेरवानी।।इंडो वेस्टर्न।।ब्लेजर।।कुर्ता जैकेट
MUFTI BLACKBERRYS OCTAVE KILLER
पता- खिरहनी ओव्हरब्रिज के पास हीरागंज, कटनी (म.प्र.) 483501



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)